https://t.me/upscwebsite Website ➡ https://ourstudycircle.in https://t.me/upscwebsite

Q1. बुनियादी ढाँचागत परियोजनाओं में सार्वजनिक निजी साझेदारी (पी.पी.पी.) की आवश्यकता क्यों है ? भारत में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास में पी.पी.पी. मॉडल की भूमिका का परीक्षण कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Why is Public Private Partnership (PPP) required in infrastructural projects ? Examine the role of PPP model in the redevelopment of Railway Stations in India. (Answer in 150 words) 10

Q2. क्या बाज़ार अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत समावेशी विकास संभव है ? भारत में आर्थिक विकास की प्राप्ति के लिए वित्तीय समावेश के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Is inclusive growth possible under market economy ? State the significance of financial inclusion in achieving economic growth in India. 10

(Answer in 150 words)

Q3. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.) की प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं ? इसे किस प्रकार प्रभावी तथा पारदर्शी बनाया जा सकता है ? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the major challenges of Public Distribution System (PDS) in India ? How can it be made effective and transparent ? (Answer in 150 words) 10

Q4. भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के कार्यक्षेत्र और महत्त्व का सविस्तार वर्णन कीजिए ।

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Elaborate the scope and significance of the food processing industry in India. 10

(Answer in 150 words)

Q5. देश में आयु संभाविता में आई वृद्धि से समाज में नई स्वास्थ्य चुनौतियाँ खड़ी हो गई हैं । यह नई चुनौतियाँ कौन-कौन सी हैं और उनके समाधान हेतु क्या-क्या कदम उठाए जाने आवश्यक हैं ?

(150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The increase in life expectancy in the country has led to newer health challenges in the community. What are those challenges and what steps need to be taken to meet them ? (Answer in 150 words) 10

Q6. पृथ्वी की सतह पर प्रति वर्ष बड़ी मात्रा में वनस्पति पदार्थ, सेलुलोस, जमा हो जाता है । यह सेलुलोस किन प्राकृतिक प्रक्रियाओं से गुज़रता है जिससे कि वह कार्बन डाइऑक्साइड, जल तथा अन्य अंत्य उत्पादों में परिवर्तित हो जाता है ? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Each year a large amount of plant material, cellulose, is deposited on the surface of Planet Earth. What are the natural processes this cellulose undergoes before yielding carbon dioxide, water and other end products ? 10

(Answer in 150 words)

Website ➡ https://ourstudycircle.in

https://t.me/upscwebsite Website ➔ https://ourstudycircle.in https://t.me/upscwebsite

Q7. इसके निर्माण, प्रभाव और शमन को महत्त्व देते हुए फोटोकेमिकल स्मॉग की विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए । 1999 के गोथेनबर्ग प्रोटोकॉल को समझाइए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss in detail the photochemical smog emphasizing its formation, effects and mitigation. Explain the 1999 Gothenburg Protocol. *10*

(Answer in 150 words)

Q8. भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में बादल फटने की क्रियाविधि और घटना को समझाइए । हाल के दो उदाहरणों की चर्चा कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Explain the mechanism and occurrence of cloudburst in the context of the Indian subcontinent. Discuss two recent examples. (Answer in 150 words) *10*

Q9. संगठित अपराधों के प्रकारों की चर्चा कीजिए । राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मौजूद संगठित अपराध और आतंकवादियों के बीच संबंधों का वर्णन कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the types of organised crimes. Describe the linkages between terrorists and organised crime that exist at the national and transnational levels. *10*

(Answer in 150 words)

Q10. भारत में समुद्री सुरक्षा चुनौतियाँ क्या हैं ? समुद्री सुरक्षा में सुधार के लिए की गई संगठनात्मक, तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलों की विवेचना कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the maritime security challenges in India ? Discuss the organisational, technical and procedural initiatives taken to improve the maritime security. (Answer in 150 words) *10*

Q11. "हाल के दिनों का आर्थिक विकास श्रम उत्पादकता में वृद्धि के कारण संभव हुआ है ।" इस कथन को समझाइए । ऐसे संवृद्धि प्रतिरूप को प्रस्तावित कीजिए जो श्रम उत्पादकता से समझौता किए बिना अधिक रोजगार उत्पत्ति में सहायक हो । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

"Economic growth in the recent past has been led by increase in labour productivity." Explain this statement. Suggest the growth pattern that will lead to creation of more jobs without compromising labour productivity. *15*

(Answer in 250 words)

Website ➔ https://ourstudycircle.in

https://t.me/upscwebsite Website ➡ https://ourstudycircle.in https://t.me/upscwebsite

Q12. क्या आपके विचार में भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकता का 50 प्रतिशत भाग, वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त कर लेगा ? अपने उत्तर के औचित्य को सिद्ध कीजिए । जीवाश्म ईंधनों से सब्सिडी हटाकर उसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में लगाना उपर्युक्त उद्देश्य पूर्ति में किस प्रकार सहायक होगा ? समझाइए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Do you think India will meet 50 percent of its energy needs from renewable energy by 2030 ? Justify your answer. How will the shift of subsidies from fossil fuels to renewables help achieve the above objective ? Explain. 15

(Answer in 250 words)

Q13. भारत में कृषि उत्पादों के विपणन की ऊर्ध्वमुखी और अधोमुखी प्रक्रिया में मुख्य बाधाएँ क्या हैं ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the main bottlenecks in upstream and downstream process of marketing of agricultural products in India ? (Answer in 250 words) 15

Q14. समेकित कृषि प्रणाली क्या है ? भारत में छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह कैसे लाभदायक हो सकती है ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What is Integrated Farming System ? How is it helpful to small and marginal farmers in India ? (Answer in 250 words) 15

Q15. 25 दिसम्बर, 2021 को छोड़ा गया जेम्स वेब अंतरिक्ष टेलीस्कोप तभी से समाचारों में बना हुआ है । उसमें ऐसी कौन-कौन सी अनन्य विशेषताएँ हैं जो उसे इससे पहले के अंतरिक्ष टेलीस्कोपों से श्रेष्ठ बनाती हैं ? इस मिशन के मुख्य ध्येय क्या हैं ? मानव जाति के लिए इसके क्या संभावित लाभ हो सकते हैं ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Launched on 25th December, 2021, James Webb Space Telescope has been much in the news since then. What are its unique features which make it superior to its predecessor Space Telescopes ? What are the key goals of this mission ? What potential benefits does it hold for the human race ? 15

(Answer in 250 words)

Q16. वैक्सीन विकास का आधारभूत सिद्धांत क्या है ? वैक्सीन कैसे कार्य करते हैं ? कोविड-19 टीकों के निर्माण हेतु भारतीय वैक्सीन निर्माताओं ने क्या-क्या पद्धतियाँ अपनाई हैं ?

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What is the basic principle behind vaccine development ? How do vaccines work ? What approaches were adopted by the Indian vaccine manufacturers to produce COVID-19 vaccines ? (Answer in 250 words) 15

Website ➡ https://ourstudycircle.in

https://t.me/upscwebsite Website ➡ https://ourstudycircle.in https://t.me/upscwebsite

Q17. ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) की चर्चा कीजिए और वैश्विक जलवायु पर इसके प्रभावों का उल्लेख कीजिए । क्योटो प्रोटोकॉल, 1997 के आलोक में ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनने वाली ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को कम करने के लिए नियंत्रण उपायों को समझाइए ।

(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss global warming and mention its effects on the global climate. Explain the control measures to bring down the level of greenhouse gases which cause global warming, in the light of the Kyoto Protocol, 1997. (Answer in 250 words) *15*

Q18. भारत में तटीय अपरदन के कारणों एवं प्रभावों को समझाइए । ख़तरे का मुकाबला करने के लिए उपलब्ध तटीय प्रबंधन तकनीकें क्या हैं ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Explain the causes and effects of coastal erosion in India. What are the available coastal management techniques for combating the hazard ? *15*

(Answer in 250 words)

Q19. साइबर सुरक्षा के विभिन्न तत्त्व क्या हैं ? साइबर सुरक्षा की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए समीक्षा कीजिए कि भारत ने किस हद तक एक व्यापक राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति सफलतापूर्वक विकसित की है । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

What are the different elements of cyber security ? Keeping in view the challenges in cyber security, examine the extent to which India has successfully developed a comprehensive National Cyber Security Strategy. *15*

(Answer in 250 words)

Q20. नक्सलवाद एक सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक मुद्दा है जो एक हिंसक आन्तरिक सुरक्षा ख़तरे के रूप में प्रकट होता है । इस संदर्भ में उभरते हुए मुद्दों की चर्चा कीजिए और नक्सलवाद के ख़तरे से निपटने की बहुस्तरीय रणनीति का सुझाव दीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Naxalism is a social, economic and developmental issue manifesting as a violent internal security threat. In this context, discuss the emerging issues and suggest a multilayered strategy to tackle the menace of Naxalism. *15*

(Answer in 250 words)

Website ➡ https://ourstudycircle.in